आंबेडकर विवि के दो परिसरों की नींव 23 को

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

डॉ बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के धीरपुर और रोहिणी परिसर की नींव शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रखेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहेंगे। धीरपुर में होने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर करेंगी। इस मौके पर उच्च शिक्षा सचिव संदीप कुमार भी मौजूद रहेंगे।

जनसत्ता Tue, 20 Au
epaper.jan

23 को एयूडी के दो नए कॉलेज मिलेंगे

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 23 अगस्त को अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के धीरपुर व रोहिणी परिसर का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री धीरपुर परिसर में आयोजित हो रहे एक कार्यक्रम से ही दोनों कैंपस का शिलान्यास करेंगे। दोनों परिसरों के निर्माण के बाद एयूडी के दिल्ली में कुल पांच परिसर हो जाएंगे।